**भारतीय रेल**

**डी0 रे0 का0/वाराणसी**

**विज्ञा0 सू0 सं0:- 27/85/56 ई 0/मेडी0/संविदा/भाग-।।** **कार्यालय- महाप्रबंधक/कार्मिक**

**दिनांक 17/10/18**

डी0 रे0 का0 केन्द्रीय चिकित्सालय/डी0 रे0 का0/वाराणसी में पैरामेडिकल के निम्नलिखित रिक्त पदों को **संविदा के आधार पर वाक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से भरने हेतु पात्र अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाता है**:-

| पद का नाम | पदो की संख्या | पारिश्रमिक | शैक्षणिक /तकनीकी योग्यता | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| **नर्सिंग सुपरिन्टेन्डेन्ट (स्टाफ नर्स)** | 04 | लेवल-07 पे मैट्रिक्स में रु0 44900/- + नियमित कर्मचारियों के समान अन्य देय भत्ते | **भारतीय नर्सिंग परिषद से मान्यता प्राप्त किसी नर्सिंग स्कूल या अन्य संस्थान से सामान्य नर्सिंग का तीन वर्ष का पाठ्यक्रम और प्रसूति-विधा पास कर लेने के बाद, पंजीकृत नर्स व दाई का प्रमाणपत्र अथवा बी0 एस 0 सी0(नर्सिंग) का प्रमाण पत्र** | **न्यूनतम 20 वर्ष से अधिकतम 35 वर्ष** |
| **फार्मासिस्ट** | 03 | लेवल -05 , पे मैट्रिक्स में रु0 29200/-+ नियमित कर्मचारियों के समान अन्य देय भत्ते | **विज्ञान में 10+2 अथवा उसके समकक्ष और मान्यता प्राप्त संस्थान सें फार्मेसी में डिप्लोमा तथा फार्मेसी अधिनियम 1948 के तहत फार्मासिस्ट के रुप में पंजीकरण अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फार्मेसी में स्नातक (बी0 फार्मा) डिग्री अथवा समकक्ष तथा फार्मेसी अधिनियम 1948 के तहत फार्मासिस्ट के रुप में पंजीकरण** | **न्यूनतम 20 वर्ष से अधिकतम 30 वर्ष** |
| **फिजियोथेरिपिस्ट** | 01 | लेवल -06 , पे मैट्रिक्स में रु0 35400/-+ नियमित कर्मचारियों के समान अन्य देय भत्ते | **1.मान्यता प्राप्त संस्थान से भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी) में स्नातक। 2. कम से कम 100 बेड के साथ सरकारी/निजि अस्पताल से फिजियोथेरेपी में दो वर्ष का ब्यवहारिक अनुभव।** | **न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 28 वर्ष** |
| **लैब सहायक/ लैब तकनीशियन** | 03 | लेवल -03 , पे मैट्रिक्स में रु0 21,700/-+ नियमित कर्मचारियों के समान अन्य देय भत्ते | **12 वी0 (विज्ञान) के साथ मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डी0 एम 0 एल 0 टी)** | **न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 30 वर्ष** |
| **हेल्थ विजिटर (मल्टी परपस)** | 01 | लेवल -04 , पे मैट्रिक्स में रु0 25500/-+ नियमित कर्मचारियों के समान अन्य देय भत्ते | **केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों से बहुप्रयोजनीय कर्मचारी पाठयक्रम के साथ मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 12 वीं (+02 स्तर)** | **न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 30 वर्ष** |

साक्षात्कार कार्यक्रम

| पदनाम | साक्षात्कार तिथि | साक्षात्कार समय | साक्षात्कार स्थल |
|---|---|---|---|
| फिजियोथेरिपिस्ट | 19/11/18 | प्रातः 10.00 बजे से शाम 06 बजे तक। | सभागार/ डी0 रे0 का0 केन्द्रीय चिकित्सालय, डी0 रे0 का0/वाराणसी |
| लैब सहायक/ **लैब तकनीशियन** | 19/11/18 | | |
| हेल्थ विजिटर | 19/11/18 | | |
| फार्मासिस्ट | 20/11/18 | | |
| **नर्सिंग सुपरिन्टेन्डेन्ट (स्टाफ नर्स)** | 21/11/18 | | |

नोटः- उक्त विज्ञापन सूचना एवं विस्तृत नियम व शर्ते डी0 रे0 का0 की वेबसाइट सं0- http://www/dlw.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(आर 0 के0 चौधरी)**
**वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/मु0**
**कृते महाप्रबंधक/कार्मिक**

# <u>संविदा के आधार पर पैरा-मेडिकल अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु नियम एवं शर्तें</u>

1. संविदा के आधार पर की गयी नियुक्ति पूर्णत: संविदा शर्तो के अधीन है, जिस पर संबंधित अभ्यर्थियों को नियमित नियुक्ति का दावा करने का कोई अधिकार नही होगा।

2. <u>संविदा के आधार पर नियुक्त किये गये पदो के विरुद्ध पारिश्रमिक/मानदेय की राशि रेलवे बोर्ड के पत्र सं0:-2017/Trans/01/Policy/Pt.I, दिनांक 12/04/18 के अनुसार देय होगी।</u>

3. <u>संविदा के आधार पर नियुक्ति की अवधि कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दिनांक 31/03/19 तक अथवा वर्कचार्ज पदों के अवधि विस्तार या नियमित कर्मचारी की उपलब्धता पर, जो भी पहले हो, तक के लिए वैध होगी।</u>

4. संविदा अवधि के दौरान डी0 रे0 का0 के अतिरिक्त अन्यत्र किसी जगह कार्य करने की अनुमति नही होगी ।

5. संविदाकर्मियों को अपने उज्जवल भविष्य के लिए उच्च पद/लाभ के लिए इस संविदा नियोजन को छोडने का अधिकार होगा बशर्ते कि संविदा छोडने के 14 दिन पूर्व प्रशासन को इसकी सूचना दे दी जाय।

6. आवेदित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि साक्षात्कार तिथि को प्रात: 10 बजे से 01.00 बजे अपराहन तक केन्द्रीय चिकित्सालय,डी0 रे0 का0/वाराणसी में रिपोर्ट करें। साक्षात्कार के लिए यात्रा-भत्ता इत्यादि देय नही होगा। साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर उन्हे अगले दिन साक्षात्कार परीक्षा हेतु रुकना पड सकता है। <u>साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को अपने शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता/अनुभव के प्रमाण में मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा साथ ही प्रत्येक प्रमाणपत्र की एक-एक स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति इस कार्यालय में साक्षात्कार वाली तिथि को जमा करना होगा।</u>

7. अनु0 जा0/अनु0 जा0 जा0/अ 0 पि0 वर्ग के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रपत्र में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी मूल प्रमाण पत्र लाना आवश्यक होगा।आयु की गणना अधिसूचना के जारी होने ही तिथि को आधार मानकर की जायेगी।

8. <u>संविदा कर्मचारियों को रेलवे पास, आवास एवं अवकाश इत्यादि देय नही होगा। महिला कर्मचारियों के केस में केवल नियमानुसार मातृत्व अवकाश देय होगा।</u>

9. सरकारी संस्थान में अनुभव रखने वाले को विशेष प्राथमिकता दी जायेगी।

10. प्रशासन द्वारा किसी भी समय बिना कोई कारण बतायें संबंधित संविदाकर्मी की संविदा सेवा समाप्त की जा सकती है।

11. संविदा के आधार पर नियुक्त अभ्यर्थीयों को नियमित कर्मचारी की तरह कार्य करना होगा। दैनिक कार्यो के निष्पादन के साथ-साथ आवश्यकता पडने पर आकस्मिक कार्यो को भी निष्पादित करना होगा।

12. उपरोक्त सेवा शर्तो के अतिरिकत समय-समय- जारी अनुदेशों का पालन करना आवश्यक होगा।

13. अनु0 जा0/अनु0 जा0 जा0 वर्ग के अभ्यर्थियों को उपरी आयु सीमा में नियमानुसार 05 वर्ष /अ 0 पि0 वर्ग के अभ्यर्थियों को उपरी आयु सीमा में नियमानुसार 03 वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी।

14. उपरोक्त नियम एवं शर्तो के अलावा समय-समय पर रेलवे बोर्ड द्वारा जारी अनुदेशो का पालन करना होगा।

(आर 0 के0 चौधरी)
वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/मु0
कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

# संविदा के आधार पर पैरा-मेडिकल पद  पर नियुक्ति  हेतु  आवेदन- प्रपत्र

1. पद का नाम ------------------------------------------------------------------------------------------
2. आवेदक का नाम (साफ अक्षरों में) --------------------------------------------------------------------------------
3. पिता/पति का नाम -------------------------------------------------------------------------------------------------
4. क्या रेलवे कर्मचारी के आश्रित है (हॉ/नहीं) ----------------------------------------------------------------------

   यदि हॉ तो कर्मचारी संख्या, पद तथा कार्य-स्थल -

   ------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

   ------------------- (पहचान-पत्र संलग्न करें)
5. पत्र व्यवहार का पता   ----------------------------------------------------------------------

   ------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

   -----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------
6. फोन/मोबाईल नं0 ---------------------------------------------------------------------------------------------------
7. जन्मतिथि -------------------------------------------------- आयु------------------------------------------------
8. समुदाय (अ 0 पि0 व 0/अनु0 जाति/अनु0 जनजाति).-------------------------------------------------------------------
9. शैक्षणिक/तकनीकी  योग्यता -------------------------------------------------------------------------------------
10. अनुभव ---------------------------------------------------------------------------------------------------------------
11. संलग्नकों की सूची -------------------------------------------------------------------------------------------------

    ---------------------------------------------------------------------------------------------------------

## घोषणा

मै घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने पात्रता के सभी  नियम एवं शर्तों को भलीभांति  पढ़ एवं  समझ लिया  हूँ और इससे  सहमत हूँ। आवेदन में दिये गये सभी सूचनाएं मेरे संज्ञान में सही है। मैं यह भी समझता/समझती हूँ कि कोई भी सूचना गलत पाये  जाने पर बिना किसी सूचना के मेरी सेवा समाप्त कर दी जाएगी और मेरे विरूद्ध क्रीमनल/सीविल कानून के तहत कार्यवाही की जा सकती है। यदि मैं चयनित होता/होती हूँ तो संविदा के आधार पर नियुक्ति के सभी नियम एवं शर्तो का पालन करुँगा/करुँगी।

आवेदक का हस्ताक्षर....................................

नाम...........................................................

स्थान-.......................................................

तिथि- ......................................................